Brain International School
Vikas Puri, New Delhi

कार्यपत्रिका -3

विषय : हिंदी **कक्षा – सात** **जुलाई** ,2025

पठित बोध

प्रश्न 1) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

लैटरबॉक्स लड़की को बताता है कि वे लोग भी इनसानों की तरह बात करते हैं। लड़की उन लोगों के साथ घुल-मिल जाती है। वे सब आपस में खेलने लगते हैं। सब चीज़ें उसको दुष्ट आदमी से बचाने का उपाय सोचने लगते हैं। उसी समय बच्चे उठाने वाला आदमी वहाँ आ जाता है। सभी वस्तुएँ अपने-अपने स्थान पर खड़ी हो जाती हैं। लड़की पेड़ के पीछे छिप जाती है। आदमी लड़की को ढूँढ़ता है परन्तु उसे लड़की कहीं नहीं मिलती। सभी चीज़ें मिल-जुलकर उस लड़की की रक्षा करती हैं। आदमी वहाँ से चला जाता है। सभी लोग लड़की को बचाकर खुश होते हैं। लड़की खेलते हुए सो जाती है। लड़की के सोने के बाद सब उसे घर कैसे पहुँचाया जाए सब इसके बारे में सोचने लगते हैं। कौवा उन्हें लड़की के घर का पता लगाने का एक उपाय बताता है। वह कहता है - पेड़ और खंभा लड़की के ऊपर इस प्रकार टेढ़े हो जाएँगे, जिससे लगे कि यहाँ कोई दुर्घटना घटी है। खंभा कहता है कि यदि फिर भी वहाँ कोई नहीं आता, तब क्या होगा? कौवा लैटरबॉक्स को एक संदेश लिखने के लिए कहता है। कुछ देर बाद सुबह हो जाती है। खंभा टेढ़ा खड़ा है, पेड़ सोई हुई लड़की के ऊपर झ़ुका हुआ था, कौवा काँव-काँव कर रहा था। पोस्टर पर बड़े-बड़े अक्षरों में पापा खो गए हैं लिखा हुआ था। नाचने वाली लड़की उस बच्ची की मुद्रा बना लेती है जिसके पापा खो गए थे। अंत में लैटरबॉक्स सबका ध्यान अपनी ओर खींचता है। वह सबसे कहता है कि जिसे भी इस लड़की के पापा मिले, उन्हें यहाँ पर ले आएँ।

प्र.i) लड़की को दुष्ट आदमी से किसने बचाया?
A) कौवा
B) लड़की ने खुद
C) सभी वस्तुओं ने मिलकर
D) पुलिस ने

प्र.ii) कहानी में पोस्टर पर क्या लिखा था?
A) लड़की खो गई है
B) मदद चाहिए
C) पापा खो गए हैं
D) सावधान: खतरा है

प्र.iii) कौवा लैटरबॉक्स से क्या करने को कहता है?
A) पेड़ पर बैठने को
B) लड़की को जगाने को
C) लड़की के लिए खाना लाने को
D) एक संदेश लिखने को

प्र.iv) लड़की को देखकर सभी वस्तुएँ कैसे व्यवहार करती हैं?

प्र.v) लड़की को उसके घर पहुँचाने के लिए कौवा क्या योजना बनाता है?

प्रश्न 2) निम्नलिखित शब्दों से उपसर्ग या प्रत्यय जो भी लगा है छाँटकर अलग कीजिए –

क) प्रतिक्षण
ख) अत्यधिक
ग) एतिहासिक
घ) अपनापन
ङ) प्रहार
च) अनमोल
छ) लिखावट
ज) बचपना

प्रश्न 3) निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त हुए कारक को रेखांकित कर भेद का नाम लिखिए |
क) मोहित की माँ ने उसकी नई कमीज़ सिली है |
ख) राम ने सीता को समझाने का प्रयास किया |
ग) रेखा छत पर गई |
घ) पुस्तक को उठा कर अलमारी में रखो |
ङ) पहाड़ों से नदियाँ निकलती है |

प्रश्न 4) निम्नलिखित शब्दों के लिंग और वचन बदल कर वाक्य में प्रयोग कीजिए –
क) लिंग – कवि , माता , भाई , लेखक
ख) वचन – दुकान , प्रार्थना , कपड़ा , नेता

प्रश्न 5) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए –

क) आँखे चुराना
ख) आटे–दाल का भाव मालूम होना |
ग) कलम तोड़ना
घ) आँचल पसारना
ङ) कोरा जवाब देना |

प्रश्न 6) वसंत
मिठाईवाला

क) मिठाईवाला विजय बाबू की किस बात पर दुखी हो गया था ?
ख) इस पाठ को पढ़कर नारी की दशा के बारे में आपको जो जानकारी प्राप्त हुई उसके बारे में लिखिए |
ग) मिठाईवाला बच्चों के साथ इतना अच्छा व्यवहार क्यों करता था ?
घ) कहानी का अंत आपको क्या सिखाता है ?

पापा खो गए

क) लेटर बॉक्स को अपना काम अच्छा क्यों नहीं लगता ?
ख) खंबे को बारिश में कोई असर क्यों नहीं होता ?
ग) पापा खो गए नाटक के किन्हीं दो पत्रों के नाम और उनकी एक –एक विशेषता लिखिए |
घ) सभी पात्र लड़की को घर पहुँचाने में सफल क्यों नहीं हो पा रहे थे ?

प्रश्न 7) पत्र लेखन

परीक्षा में असफल होने पर मित्र को दोबारा अध्ययन करने के लिए प्रेरित करते हुए पत्र लिखिए |

प्रश्न 8) नारा लेखन

महिला सशक्तिकरण पर आधारित नारा लिखिए|